## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–05.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- **राज्य सरकार ने स्वीडन और स्पेन दौरे को एफडीआई लाने की दिशा में बताया एक सार्थक कदम, उद्योग सचिव ने कहा– कंपनियों के लिए बनाया जायेगा स्पेशल डेस्क।**

- **भाजपा ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ किया राज्यव्यापी प्रदर्शन, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा–राज्य सरकार पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजे।**

- **कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली कल रांची में, प्रदेश प्रभारी के. राजू ने भाजपा पर लगाया संविधान खत्म करने का आरोप, भाजपा ने कहा–संविधान के नाम पर ढोंग कर रही है कांग्रेस।**

- **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विकास योजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर जतायी नाराजगी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र।**

- **ओडिशा में आयोजित 26वीं राष्ट्रीय मिनी एवं यूथ टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने जीता स्वर्ण पदक, बालकों को मिला रजत।**

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन का दौरा कर लौटे उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज मीडिया के समक्ष यात्रा की उपलब्धियां साझा की। रांची के सूचना भवन स्थित सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उद्योग विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि सरकार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ाने को लेकर गंभीर है।

*******************

पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। इस बीच आज राज्यव्यापी प्रदर्शन किया गया। रांची में भी पाकिस्तान भारत छोड़ो के नारे के साथ पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। प्रदर्शन में पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी समेत कई बड़े नेता शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष श्री मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार को झारखंड में रह रहे सभी पाकिस्तानियों को वापस भेजने की कार्रवाई करनी चाहिए।

*******************

कांग्रेस पार्टी की संविधान बचाओ रैली कल रांची के पुराना विधानसभा मैदान में आयोजित की जायेगी। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे। रांची में आज प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने संविधान बचाओ अभियान के तहत जातिगत जनगणना और आरक्षण की मांग को जोरदार ढंग से उठाने का फैसला किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पूरे देश में संविधान को खत्म करना चाहती है।

*******************

इस बीच भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने कई बार संविधान की हत्या की है, वह संविधान बचाने का ढोंग कर रही है।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजभवन में भेंट की। इस क्रम में श्री मरांडी ने राज्य की गिरती विधि–व्यवस्था की स्थिति से राज्यपाल का ध्यान आकृ ष्ट कराया। उन्होंने डीजीपी पद को लेकर राज्य सरकार के रवैये से भी उन्हें अवगत कराया।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आज पलामू जिले में पेयजल समस्या के निदान के लिए जिला प्रशासन के साथ बैठक की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य की अनाबद्ध राशि से खराब चापानलों की मरम्मत की जायेगी। इससे बहुत हद तक जल समस्या का समाधान संभव है।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विकास योजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर नाराजगी व्यक्त की है। इस सिलसिले में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि लोकतंत्र विधायिका और कार्यपालिका के सहयोग से ही आगे बढ़ता है। जनप्रतिनिधियों की यह उपेक्षा लोकतंत्र का अपमान है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि राज्य के सभी संबंधित अधिकारियों को इसे लेकर निर्देशित किया जाये।

*******************

गोड्डा सदर अस्पताल बिजली के मामले में दुरूस्त हो रहा है। सदर अस्पताल में 500 एमवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया है।

*******************

रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन  हटिया दृ झारसुगुड़ा मेमू की समय सारणी में दिनांक नौ मई से परिवर्तन किया  जायेगा। यह ट्रेन हटिया से दोपहर एक बजकर दस मिनट पर खुलेगी। इधर चक्रधरपुर मण्डल के सीनी–कान्ड्रा रेलखंड पर विकास कार्य के लिए ब्लॉक लिए जाने के कारण कल चार ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इनमें हटिया–टाटानगर एक्सप्रेस, टाटानगर–हटिया एक्सप्रेस, टाटानगर–बरकाकाना पैसेंजर और बरकाकाना–टाटानगर पैसेंजर शामिल हैं।

*******************

## **अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- गिरिडीह में डीसी कक्ष में शराब पीकर एक पुलिस जवान द्वारा हंगामा किये जाने के मामले को एसपी ने गंभीरता से लिया है। हंगामा करने वाले जवान रंजीत कुमार यादव को एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया  है।

➢ जिला खनन कार्यालय रांची में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर बिन्देश तिर्की को आज भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने घूस लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि ऑपरेटर एक फाइल पास कराने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा था।

******************

झारखंड के 19 जिलों में कल आकाशीय बिजली गिरने, गर्जन और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार कल के बाद राज्य भर में मौसम साफ होने की सम्भावना है।

******************

ओडिशा में आयोजित 26वीं राष्ट्रीय मिनी एवं यूथ बालक बालिका टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बालिका टीम ने फाइनल मैच में महाराष्ट्र को सीधे 2 सेटों में 21—10 एवं 21—16 से पराजित कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। हालांकि बालक वर्ग को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

******************

बिहार के राजगीर में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स के दूसरे दिन झारखंड की गतका टीम ने राजस्थानको 23 प्वाइंट से हरा कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। कल झारखंड का मुकाबला पंजाब से होगा।

*******समाप्त********